एग्री आर्टिकल्स

(कृषि लेखों के लिए ई-पत्रिका)
वर्ष: 02, अंक: 03 (मई-जून, 2022)
www.agriarticles.com पर ऑनलाइन उपलब्ध
© एग्री आर्टिकल्स, आई. एस. एस. एन.: 2582-9882

किसान क्रेडिट कार्ड योजना : कैसे बनवाये कार्ड

(*नरेन्द्र कुमार चौधरी एवं सुरेंद्र धायल)
विद्यावाचस्पति छात्र, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान
* mrnarendra.choudhary@gmail.com

भारत शुरुआत से ही एक कृषि प्रधान देश रहा है। लेकिन यहाँ के किसानों की स्थिति से तो हर कोई अच्छी तरह वाकिफ है। विभिन्न सरकारों द्वारा किसानों के लिए कई तरह की योजनायें चलाई गई। लेकिन कोई भी योजना किसानों की आय को अधिक नही बढ़ा सकी। वर्तमान में भी कई तरह की योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है। उन्ही में से एक किसान क्रेडिट कार्ड योजना है, जो केवल किसान भाइयों के लिए ही लाई गई थी। जिसके बारें में आज हम आपको जानकारी देने वाले हैं।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना क्या है

किसान क्रेडिट कार्ड योजना किसानों के लिए एक लाभकारी योजना है। जिसकी शुरुआत सरकार की पहल पर भारतीय बैंकों द्वारा 1998 में की गई थी। जिसके माध्यम से किसान भाइयों को कम ब्याज दर पर बैंकों की तरफ से लोन दिया जाता है। इसके माध्यम से किसान भाइयों को 50 हज़ार से तीन लाख तक का ऋण दिया जाता है। जिसको पहले साल में जमा कराने पर 4 प्रतिशत के आधार पर ब्याज लगता है। और उसके बाद जमा कराने पर 7 प्रतिशत के आधार पर ब्याज लगता है।

किसान क्रेडिट कार्ड के लिए कौन पात्र हैं

किसान क्रेडिट कार्ड योजना सभी तरह के किसानों के लिए बनाई गई है। जिसमें सीमांत, लघु और बड़े सभी तरह के किसान शामिल है। और जो किसान भाई किराए पर खेती करते हैं उन्हें भी इसका फायदा मिल सकता है। इनके अलावा किसी भी तरह से खेती करने से जुड़े लोग इसके पात्र होते हैं।

कैसे करें आवेदन

किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन के लिए किसान भाई किसी भी नज़दीकी बैंक से इसके बारें में जानकारी हासिल कर सकता है। क्योंकि अलग अलग बैंक अपने हिसाब से प्रक्रिया अपनाते हैं। लेकिन वर्तमान में सरकार द्वारा जारी किये गए आदेश के अनुसार बैंक कर्मियों को गावों में जाकर हर किसान को किसान क्रेडिट कार्ड 15 दिन में देना होगा।

कार्ड बनवाने और ऋण लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज़

- ✓ किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए ज्यादा दस्तावेजों की जरूरत नही है। इसके लिए कुछ सामान्य उपयोग आने वाले दस्तावेज़ जरूरी होते हैं। जो किसान भाई के पास आसानी से मिल जाते हैं।
- ✓ पहचान प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई।डी। कार्ड या च।छ कार्ड में से कोई भी एक पहचान और स्थाई पते का कार्ड।
- ✓ पांच पासपोर्ट साइज़ के फोटो

- ✓ एक किसान क्रेडिट कार्ड का फॉर्म। जिसे किसी भी ई–मित्र की दुकान से निकलवा सकते हैं। जो विधिवत रूप से भरा हुआ हो।
- ✓ जमीन की गिरदावरी और जमीन का रिकॉर्ड जिसे किसान भाई पटवारी से निकलवा सकता है।

किसान क्रेडिट कार्ड कौन से बैंक दे सकते हैं

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया रुपे किसान क्रेडिट कार्ड देती है। और नाबार्ड भी किसानों को आसन टर्म पर ऋण उपलब्ध कराता है। इसके अलावा कई सरकारी, को–ऑपरेटिव बैंक, ग्रामीण बैंक और निजी बैंक जैसे एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, देना, पी।एन।बी।, और आई।डी।बी।आई। जैसे और भी कई बैंक शामिल हैं, जो किसानों को आसान किस्तों पर ऋण देते हैं।

किसान क्रेडिट कार्ड के फायदे

- ✓ किसान क्रेडिट कार्ड के कई तरह के फायदे है। जिनसे किसान भाई कई तरह की परेशानियों से बच सकता है।
- ✓ किसानों को खेती से संबंधित किसी भी तरह कार्यों के लिए आसानी से लोन मिल जाता है।
- ✓ किसान क्रेडिट कार्ड में ब्याज दर किसी और तरह के ऋण से काफी कम होती है।
- ✓ इसके माध्यम से ऋण लेने की प्रक्रिया काफी आसान होती है। जिससे हर वर्ष ऋण लेने के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं होती है।
- ✓ वर्तमान में सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को 15 दिन में ऋण देने का आदेश बैंकों को दिया गया है।
- ✓ इस कार्ड को रखने वाले किसानों को फसल बीमा का भी लाभ मिलता हैं।
- ✓ किसान क्रेडिट कार्ड धारक 70 साल तक की उम्र के किसान का भी इससे बीमा मिलता है। यदि कार्ड धारक किसान की मौत या दुर्घटना हो जाती है तो उसे क्रमशः 50 और 25 हज़ार रूपये की सहायता प्रदान की जाती है।
- ✓ किसान क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल ।ज्ड के रूप में भी कर सकते हैं। जिससे आप कभी भी अपने खाते से आवश्यकता के अनुसार रुपये निकाल सकते हैं।
- ✓ इस कार्ड की वैधता 5 साल की होती है।
- ✓ 1 लाख से ज्यादा का ऋण लेने के लिए किसान भाइयों को जमीन बैंकों के पास गिरवी रखनी पड़ती है।